# गिरफ्तारी देने एसपी ऑफिस पहुंचे अनिल मिश्रा

## पुलिस ने नहीं किया गिरफ्तार, अंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का है आरोप

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 7 अक्टूबर. ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल मिश्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मिश्रा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।**

इस चर्चित मामले ने आज मंगलवार दोपहर बाद उस वक्त नया मोड़ ले लिया जब हाईकोर्ट बार के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट मिश्रा अपने अधिवक्ता साथी और हिंदू एवं ब्राह्मण संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ गिरफ्तारी देने एसपी ऑफिस पहुंचे। यहां जमकर नारेबाजी हुई। हालांकि पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया है। गिरफ्तारी देने एसपी ऑफिस पहुंचे मिश्रा अपने वक्तव्य पर अडिग हैं। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ एफआईआर हुई है, उसमें गिरफ्तारी देने आया हूं। मैंने कोई अपराध नहीं किया। संविधान ने बोलने की स्वतंत्रता दी है, उस पर अंकुश लगाया जा रहा है। मैं उसे अपराध की श्रेणी में नहीं मानता हूं। मुझे चैलेंज दिया गया है, तो मैंने स्वीकार भी किया है। जहां चाहें वहां आ जाएं।



इस देश को अंबेडकर के नाम पर विभाजित किया जाता है। मेरे बारे में आए ग्रुप मैसेज, वीडियो एसपी को दिए हैं। आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मैं चाहता हूं ये मामला न्यायालय में आए। पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के मुताबिक मिश्रा ने सोशल मीडिया पर जारी किए गए वीडियो में डॉ. अंबेडकर को अंग्रेजों का एजेंट कहने के साथ ही आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया था।

**पुलिस ने कहा...**

एएसपी ग्रामीण जयराज कुबेर ने बताया कि कलेक्टर ग्वालियर ने सोशल मीडिया पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट पर प्रतिबंध लगाया है। उसके तारतम्य में क्राइम ब्रांच सोशल मीडिया पर नजर रखती हैं। इस मामले में अनिल मिश्रा को नोटिस दिया गया था। 24 घंटे में जवाब न आने पर थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच ने प्रकरण पंजीबद्ध किया है। मिश्रा अपने साथियों के साथ गिरफ्तारी देने आए थे। प्रकरण अभी विवेचना में है। इसके बाद जो भी कार्रवाई होगी की जाएगी।

## कार और डंपर की टक्कर, 4 लोग घायल

**शाजापुर, 7 अक्टूबर. मक्सी के पास एक डंपर ने इंदौर जा रही कार को टक्कर मार दी. हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार कर उज्जैन रैफर किया.**




घटना मंगलवार दोपहर साढ़े 3 बजे आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे 52 पर मक्सी के पास की है. टक्कर के बाद अल्टो कार बेकाबू होकर सडक़ के बीच बनी खंती में जा गिरी और कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया. सूचना मिलने पर पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची. टीम ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. डॉ. अर्पित जैन ने बताया कि भारत सिंह, उदय राजए,दिलीप और संध्या को अस्पताल लाया गया था. घायलों में उदयराज को गंभीर चोटें आई है. जिसे प्राथमिक उपचार के बाद उज्जैन रैफर कर दिया गया. थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि यह हादसा देवास जिले की सीमा में हुआ है. पुलिस ने फरार डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है.

# 15 अक्टूबर तक 1 लाख हस्ताक्षर का लक्ष्य

## ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में तेज हुआ कांग्रेस का अभियान

**खंडवा, 7 अक्टूबर. वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक खंडवा कांग्रेस कार्यालय में हुई. अभियान 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है.**

मुख्य उद्देश्य कथित वोट चोरी और मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के मुद्दे पर जनता के बीच जागरूकता फैलाना और 5 करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करना है. एकत्र किए गए हस्ताक्षरों को बाद में राष्ट्रपति और चुनाव आयोग को जनता के सशक्त जनादेश के रूप में सौंपा जाएगा. जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि वोट चोर गद्दी छोड़% हस्ताक्षर अभियान को लेकर 7 अक्टूबर दोपहर 12.30 बजे से जिला कांग्रेस कार्यलय गांधी भवन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी के नेतृत्व में एक महत्वपुर्ण बैठक आयोजित की गई एवं सभी की जवाबदारी तय की गई. जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने कहा कि चूंकि यह अभियान राष्ट्रव्यापी है, कई जिलों में कांग्रेस कमेटियों ने बैठकें करके इसकी रणनीति तैयार की है और इसे शुरू कर दिया है. इस क्रम में खंडवा में भी अभियान की विधिवत शुरुवात पूर्व में हो चुकी है हमारा लक्ष्य खंडवा जिलें में एक लाख हस्ताक्षर करवाने का है जिसे हम कार्यकर्ताओं के सहयोग से समय सीमा में पूरा करवा लेंगे.





शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यकम नहीं है, यह संविधान की रक्षा और भारतीय लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की निर्णायक पहल है. हर जिले से कम से कम एक लाख हस्ताक्षर कराने का निर्णय लिया.

### भाजपा मंडल महामंत्री ने दिया पद से त्याग पत्र

**सिंगरौली.** भारतीय जनता पार्टी मंगल सरई के महामंत्री प्रमिता दुबे ने महामंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया है. भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली के जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह को महामंत्री प्रमिता दुबे ने लेख किया है कि पारिवारिक कारणो एवं व्यस्तता के चलते महामंत्री पद से इस्तीफा दिया जा रहा है. लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि जिलेभर में जिला अध्यक्ष एवं मंडल कार्यकारिणियों के गठन से भाजपा कार्यकर्ताओं में धीरे-धीरे नाराजगी पनपने लगी है. इसके पूर्व भाजपा नव गठित जिला कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष राजेश तिवारी रज्जू ने पद से त्यागपत्र देकर भाजपा संगठन में हलचल मचा दिया था. वहीं अब चर्चा है कि करथुआ के एक मंडल महामंत्री भी जिला मंत्री पद से त्यागपत्र देने का मन बना लिया है.

# खुदाई में हजारों वर्ष पुरानी मूर्तियां मिली

**दमोह, 7 अक्टूबर.** जिले के जबेरा विधानसभा अंतर्गत ऊपर पहाड़ दोनी में स्थानीय विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी, राज्यमंत्री, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग के मंत्री के निर्देशानुसार में संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार व संग्रहालय भोपाल की आयुक्त उर्मिला शुक्ला के निर्देशन में ग्राम दोनी जिला दमोह में मढ़ा क्रमांक 1 का पुरातत्वीय प्रविधि से मलबा सफाई का कार्य पी. सी. महोबिया, उपसंचालक ग्वालियर द्वारा किया जा रहा है.



प्रभारी उपयंत्री व साइट इंचार्ज सपन साहू द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कार्य के दौरान कल्चुरी कालीन स्थापत्य कला के विशिष्ट पुरावशेष प्रकाश में आए हैं. इस टीले से ब्रह्म, विष्णु, शिव, उमा - महेश्वर, पार्वती, अर्धनरीश्वर, वायुदेव, गज अप्सरा, व नायिका जैसी विशिष्ट व उत्कृष्ट प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं.प्राप्त सभी पुरावशेष लगभग 10वीं -11वीं शताब्दी में निर्मित शिव मंदिर के प्रतीत होते हैं.



## असामाजिक तत्वों ने दुकान में की तोड़फोड़, लूटपाट कर लगाई आग

**अनूपपुर, 7 अक्टूबर. कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 स्थित शंकर मंदिर के पास संचालित मो. इस्तियाक कूलर वाले की दुकान पर शनिवार शाम लगभग 5 बजे कुछ असामाजिक तत्वों ने अचानक हमला बोल दिया।**

उन्होंने दुकान में घुसकर सामान की तोड़फोड़ करते हुए लूटपाट की और दुकान में आग लगा दी। घटना के दौरान दुकान में रखे तकिए, गद्दे और अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई, वहीं सीसीटीवी कैमरे की वायर तोड़कर डी॰?हीआर भी साथ ले गए। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम कमलेश पुरी एवं कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे.

# नशीली सिरप की 200 शीशियां जब्त

## जमोड़ी थाना पुलिस ने की कार्रवाई

**सीधी 7 अक्टूबर. नशा व्यापारियों पर जमोड़ी पुलिस ने प्रहार करते हुए कार्रवाई में दो युवकों को नशीली सिरप की 200 शीशियों के साथ गिरफ्तार करते हुए परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी भी जप्त किया है.**

पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति स्कूटी से नशीली कोडिनयुक्त कफ सिरप लेकर पडऱा बाईपास के पास बिक्री के लिए जा रहे हैं. सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची. मौके पर स्कूटी पर सवार साहिल खान पिता सुल्तान खान उम्र 25 वर्ष एवं हर्षित सोनी पिता दिनेश सोनी उम्र 19 वर्ष दोनों निवासी थनहवा टोला थाना कोतवाली सीधी मिले. दोनों की तलाशी लेने पर एक प्लास्टिक बोरी से 200 शीशियां ऑनरेक्स कफ सिरफ कोडिनयुक्त बरामद हुई. बरामद सिरप की कीमत लगभग 40 हजार 300 रुपए तथा स्कूटी की कीमत लगभग 70 हजार रुपए आंकी गई. बरामद नशीली सिरप को विधिवत जप्त कर थाना लाया गया. दोनों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है.



### तेज बारिश और हवाएं चलीं, धान की फसल बर्बाद

**श्योपुर.** जिले में हुई बेमौसम बारिश और तेज हवा ने धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है. अचानक बदले मौसम के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल पूरी तरह जमीन पर बिछ गई है, जिससे किसानों को बड़े नुकसान की आशंका है. मौसम में अचानक बदलाव आया और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई. हवा की रफ्तार इतनी अधिक थी कि खेतों में खड़ी धान की बालियां टिक नहीं सकीं और अधिकांश फसल झुककर जमीन पर गिर गई. किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि अब फसल की कटाई में परेशानी होगी. इसके अलावा, जमीन पर गिरी फसल में दाने सड़ने और उपज कम होने का खतरा भी बना हुआ है.



## खेल महोत्सव खेल प्रतिभा को पहचान देगा

**मऊगंज, 7 अक्टूबर,** रीवा और मऊगंज जिलें में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. मऊगंज जिले में रघुराजगढ़, खैरा, ढेरा, नईगढ़ी और देवतालाब स्टेडियम मे सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया.

जिसमें सांसद रीवा जनार्दन मिश्र शामिल हुए. पीएम श्री स्कूल रघुराजगढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा, सांदीपनि विद्यालय ढेरा, देवतालाब स्टेडियम और मॉडल स्कूल नईगढ़ी में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया. सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, वालीबाल, क्रिकेट गिप्पी और रस्साकसी की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. इस अवसर पर सांसद मिश्र ने कहा कि खेल महोत्सव कार्यक्रम में खिलाडिय़ों के उत्साह और प्रतिभा को देखकर अभिभूत हूं. यह आयोजन युवाओं को नरेंद्र मोदी जी के फिट इंडिया संकल्प से जोड़ता है.

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर भाजपा ने किया नमन

## भक्ति भाव जितनी मजबूती से बढ़ेगा, समाज उतना ही सशक्त होगा : राजौरिया

**ग्वालियर, 7 अक्टूबर. भगवान महर्षि वाल्मीकि के प्राकट्योत्सव पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा कंपू स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर वाल्मिकी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर की गई।**

इस दौरान सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे सामाजिक बंधुओं को शाल श्रीफल एवं रामदरबार देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजौरिया ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि व भगवान राम के महत्व के बारे में समाज को बताएं। भक्ति भाव जितनी मजबूती से बढ़ेगा, समाज उतना ही सशक्त होगा। क्योंकि, सशक्त समाज ही आत्मनिर्भर बनता है। वही विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में योगदान दे पाएगा। उन्होंने कहा कि आज हम राम राज्य की स्थापना की बात करते हैं। महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों को भाजपा सरकार आगे बढ़ा रही है।



हम गरीबों व वंचितों को सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। महापुरुषों के कदमों पर चलते हुए भाजपा हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है. इस अवसर पर वरिष्ठ नेता गुरुमुख करौसिया, संतोष गोडयाले, पप्पू बड़ौरी, अमर कुटे, शेरू वाल्मीकि, राजा खटीक, अमन दाऊ, संजय राजे, राजेंद्र महोबिया, गोपाल जाटव, शिवा टांक, अजय पाथरे, नितिन बांगडे, रामचंद्र धौलपुरिया, कमल खरे, कमल खटीक, राजा घनघोरिया, रामसेवक चंदेल, एलिस खरे, संजय करोसिया, सोनू वर्मा, मंजीत लोहट, सूरज खरे, शुभम डागोर आदि उपस्थित थे।

### आप के राज्य संयुक्त सचिव जिया लाला ने दिया इस्तीफा

**शाजापुर.** आम आदमी पार्टी के मध्यप्रदेश राज्य संयुक्त सचिव जिया लाला पठान ने संगठन में बढ़ते भेदभाव और गुटबाजी का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. पठान ने अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा बताया कि आम आदमी पार्टी में मुझे जो भरोसा और जिम्मेदारी दी गई थी, उसके लिए मैं आभारी हूँ. लेकिन नई समिति में समानता और पारदर्शिता की जगह भेदभाव ने ले ली है. ऐसे माहौल में रहकर अपने सिद्धांतों और आत्मसम्मान से समझौता करना मेरे लिए संभव नहीं. उन्होंने आगे कहा कि वे राजनीति में नहीं, इंसानियत में भरोसा रखते हैं.

# एकलव्य आवासीय विद्यालय के 200 शिक्षकों के स्थानांतरण आदेश पर रोक

**जबलपुर, 7 अक्टूबर. मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने जबलपुर सहित राज्य के अन्य जिलों के एकलव्य आवासीय विद्यालयों में पदस्थ 200 शिक्षकों को सामूहिक रूप से खंडवा स्थानांतरित करने के आदेश को अनुचित पाया. इसी के साथ आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी.**

न्यायालय ने शिक्षकों को वर्तमान एकलव्य विद्यालय में पदस्थ रखने की व्यवस्था दी है. याचिकाकर्ता एकलव्य आवासीय विद्यालय रामपुर छापर में पदस्थ उपमा शांडिल्य की ओर से अधिवक्ता सुधा गौतम ने पक्ष रखा. उन्होंने दलील दी कि 23 सितंबर 2025 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता सहित जबलपुर सहित राज्य के अन्य जिलों के विभिन्न एकलव्य आवासीय विद्यालयों में पदस्थ 200 शिक्षकों को सामूहिक रूप से खंडवा स्थानांतरित कर दिया गया था.

याचिकाकर्ता 2024 में उच्च पद प्रभार पर रामपुर छापर के एकलव्य आवासीय विद्यालय में पदस्थ हुई थी. दरअसल, 11 नवंबर 2024 को संभागायुक्त, जबलपुर ने एक पत्र जारी किया था, जिसके जरिए साफ किया गया था कि एकलव्य विद्यालयों में स्थान नहीं है, इसलिए शिक्षक स्थानांतरण के विकल्प पेश करें. जिसके बाद याचिकाकर्ता ने एकलव्य विद्यालय रामपुर छापर, रांझी व सदर के विकल्प भरे थे. इसके बावजूद इन विकल्पों को दरकिनार कर खंडवा भेजने का आदेश जारी कर दिया गया. जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई. न्यायालय ने सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने 23 सितंबर 2025 के आदेश को अनुचित पाकर स्थानांतरण पर रोक लगा दी.




### मध्यस्थता के 4552 प्रकरणों का निराकरण

**जबलपुर.** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व मध्यस्थता और सुलह परियोजना समिति के निर्देशानुसार एक विशेष अखिल भारतीय अभियान मीडिएशन फॉर द नेशन अभियान का आयोजन किया गया. इसके जरिए तालुका न्यायालयों से लेकर हाईकोर्ट के स्तर तक लंबित प्रकरणों का मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण किया गया. मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश अतुल श्रीधरन के मार्गदर्शन में अभियान को गति दी गई. अभियान के दौरान मध्यस्थता के माध्यम से कुल 4,552 प्रकरणों का निराकरण किया गया. इस अभियान के अंतर्गत अनेक दीर्घकालिक लंबित प्रकरणों का भी पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति से निराकरण किया गया.

### हाईकोर्ट में हल्ला मचाने वाले को पुलिस के हवाले किया

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट परिसर में प्रवेश कर एक युवक ने हल्ला मचाना प्रारंभ कर दिया. सुरक्षा कर्मियों ने उसे पकडक़र सिविल लाइन पुलिस के हवाले कर दिया. जिस युवक ने हल्ला मचाया, उसका नाम सुनील पाल गौतम है, जो मूलत- मैहर निवासी है. वह किसी मुकदमे के सिलसिले में अक्सर हाईकोर्ट आता रहता है. मंगलवार को उसने एक पक्षकार की हैसियत से प्रवेश द्वार के रजिस्टर में एंट्री कराई. इसके बाद अपने अधिवक्ता को खोजने लगा. कुछ देर बाद लगभग 10.30 बजे हाईकोर्ट के गलियारे में प्रवेश कर गया. जस्टिस विवेक जैन की कोर्ट के सामने पहुंचकर उसने हल्ला मचाना प्रारंभ कर दिया. इससे भीतर चल रही सुनवाई में व्यवधान की स्थिति उत्पन्न हुई. सिविल लाईन पुलिस के अनुसार युवक की मानसिक दशा ठीक नहीं है. इसलिए पुलिस व वकीलों के विरुद्ध अनर्गल प्रलाप कर रहा था.

**सम्मेलन** सर्वोदय से अभ्युदय के लक्ष्य पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुईं मंत्री कृष्णा गौर

# नानाजी के ग्रामीण विकास का मंत्र 'हर हाथ को काम, हर खेत को पानी'

**सतना, 7 अक्टूबर. सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर पाँचवाँ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन चित्रकूट में आयोजित किया गया. यह सम्मेलन पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन से प्रेरित मूल विषयवस्तु को आगे बढ़ाते हुए - ग्रामोदय से सर्वोदय की भावना के साथ; और अब सर्वोदय से अभ्युदय की ओर अग्रसर रहा.**

संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के लक्ष्य एसडीजी सभी के लिए जल एवं स्वच्छता की उपलब्धता और टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्चित करना और एसडीजी 8-सभी के लिए सतत, समावेशी और टिकाऊ आर्थिक विकास, पूर्ण और उत्पादक रोजगार और सभ्य कार्य को बढ़ावा देना.



इस सम्मेलन का समापन मंगलवार को दीनदयाल परिसर के विवेकानन्द सभागार में मध्यप्रदेश की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, महापौर इन्दौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ संजय पासवान, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक प्रो अनिल कोठारी, पदमश्री उमाशंकर पांडे, पदमश्री कंवल सिंह चौहान, पदमश्री सेठपाल सिंह, बांदा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.वी.एस. राजू, राजभवन के जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ दीपक खांडेकर, दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुंडले की मौजूदगी में समसामयिक अनुशंसाओं के साथ संपन्न हुआ. एसडीजी 6 पर आयोजित तकनीकी सत्रों में जल विशेषज्ञों ने बताया कि समुदाय के साथ मिलकर पानी का नियोजन करना होगा. हर किसी को ऐसा सोचना होगा कि वह जितना पानी उपयोग करते हैं उतना पानी उसे बचाना भी है. अर्थात वर्षा जल संग्रहण के बारे में सोचना होगा. सरकार अथवा स्थानीय संस्थाओं को पानी का एक बजट बनाना होगा.

घरों पर केवल 2% पानी ही उपयोग होता है जबकि 93 खेतों में सिंचाई पर जाता है किंतु चर्चा होती है केवल घरों में उपयोग होने वाले पानी के विषय पर. खेत में मेड और मेड पर पेड़ यह विचार सभी को करना होगा. आचार्य मंदिर के पूज्य बद्री प्रपन्नाचार्य ने कहा कि जल है तो कल है, जल से ही जीवन है. पानी से ही जीवन की उत्पत्ति है और जल से ही जीवन समाप्त होता है. प्रकृति में जल तत्व सर्वाधिक महत्वपूर्ण है इसका संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है. एसडीजी 8 सतत, समावेशी और टिकाऊ आर्थिक विकास पर आयोजित तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों ने बताया कि कोई कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता है हम सभी अपना अपना कार्य ईमानदारी से करें तो ज्यादा उत्पादन कर सकते हैं. देश तभी विकास करेगा जब हम देश के लिए कार्य करेंगे.